1	2	3	4	5
		2. समन्वित ग्रामीण स्वच्छता एवं जल सप्लाई परियोजना –2	डेनमार्क	47.67 लाख जनसंख्या
10.	उत्तर प्रदेश	1. उत्तर प्रदेश–4 पाइप द्वारा जल सप्लाई	नीदरलैंड	3.84 लाख जनसंख्या
		2. उत्तर प्रदेश–6	,,	18.65 लाख जनसंख्या
		3. उत्तर प्रदेश–8	,,	26.01 लाख जनसंख्या

आदिवासी क्षेत्रों और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जाना

8284. श्री अजीत जोगी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मध्य प्रदेश सरकार की ओर से घनी आबादी वाले आदिवासी क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या सरकार ने देश के आदिवासी क्षेत्रों तथा दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के संबंध में कोई मास्टर योजना या कोई अन्य योजना तैयार की है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का विषय राज्य का है और राज्य ही ग्रामीण सड़कों से संबंधित अपने कार्यक्रम तैयार करते हैं और उनको कार्यान्वित करते हैं।

ग्रामीण विकास की नई योजनाएं

8285. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्ष 1995–96 के दौरान कुछ नई ग्रामीण विकास योजनाएं शुरू करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) (क) और (ख) वर्ष 1995–96 के दौरान अभी